

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## पंचम सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या 16 वृहस्पतिवार, दिनांक-24 मार्च, 2022 ई०।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:50 बजे अपराह्न तक।**

सदन की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए।

आसन द्वारा माननीय सदस्यों से अपनी मांगों को सही समय पर उठाने तथा अपने-अपने स्थान पर जाने का अनुरोध किया गया।

तत्पश्चात माननीय सदस्यों ने अपना-अपना स्थान ग्रहण किया।

[1] **अध्यक्षीय घोषणा :-**

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि सप्तदश बिहार विधान सभा के विकासशील इंसान पार्टी के तीनों माननीय सदस्य, श्रीमती स्वर्णा सिंह, क्षेत्र संख्या-79, गौड़ाबौराम, श्री मिश्री लाल यादव, क्षेत्र संख्या-81, अलीनगर एवं श्री राजू कुमार सिंह, क्षेत्र संख्या-98, साहेबगंज द्वारा भारतीय जनता पार्टी विधायक दल में विलय किये जाने के अनुरोध पर भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के प्रावधानों के अधीन विकासशील इंसान पार्टी विधायक दल का भारतीय जनता पार्टी विधायक दल में विलय की मान्यता दिनांक 23 मार्च, 2022 से प्रदान कर दी गई है। अब श्रीमती स्वर्णा सिंह, स०वि०स०, श्री मिश्री लाल यादव, स०वि०स० एवं श्री राजू कुमार सिंह, स०वि०स० भारतीय जनता पार्टी के सदस्य हैं।

[2] **प्रश्नकाल :-**

(i) 04 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या-96 नगर विकास एवं आवास विभाग में स्थानांतरित।

(iii) 01 अल्पसूचित प्रश्न अनागत।

(iv) 15 तारांकित प्रश्न उत्तरित।

(v) 103 तारांकित प्रश्न अनागत।

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आज के लिए सूचीबद्ध सभी अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों के उत्तर शत-प्रतिशत ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त हुए हैं। इसके लिए सभी विभागीय मंत्री धन्यवाद के पात्र हैं।

[3] कार्यस्थगन प्रस्ताव :-

माननीय सदस्य, श्री रामबली सिंह यादव, श्री महा नंद सिंह, श्री आलोक कुमार मेहता, श्री सत्यदेव राम, श्री मनोज मंजिल, श्री वीरेंन्द्र प्रसाद गुप्ता, श्री गोपाल रविदास, श्री समीर कुमार महासेठ, श्री अमरजीत कुशवाहा, श्री विनय कुमार, श्री भरत बिंद, श्रीमती रेखा देवी, श्री अजीत कुमार सिंह एवं श्री अजीत शर्मा द्वारा दिया गया कार्यस्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किये जाने की घोषणा की गई।

[4] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्रीमती गायत्री देवी | (ii) | श्री सुरेन्द्र मेहता |
| (iii) | श्री भरत बिंद | (iv) | श्री अरूण शंकर प्रसाद |
| (v) | श्रीमती विभा देवी | (vi) | श्री प्रकाश वीर |
| (vii) | श्रीमती रेखा देवी | (viii) | श्रीमती मंजु अग्रवाल |
| (ix) | श्री विनय कुमार | (x) | श्री प्रमोद कुमार सिन्हा |
| (xi) | डॉ० निक्की हेम्ब्रम | (xii) | श्री मिथिलेश कुमार |
| (xiii) | श्री विजय कुमार खेमका | (xiv) | श्री इजहारूल हुसैन |
| (xv) | श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी | (xvi) | श्री रामबली सिंह यादव |
| (xvii) | श्री ललित नारायण मंडल | (xviii) | श्री पवन कुमार जायसवाल |
| (xix) | श्री प्रणव कुमार | (xx) | श्री मुकेश कुमार यादव |
| (xxi) | श्रीमती नीतु कुमारी | (xxii) | श्री रामचन्द्र प्रसाद |
| (xxiii) | श्री मुरारी मोहन झा | (xxiv) | श्री गोपाल रविदास |
| (xxv) | श्री विजय कुमार मंडल | (xxvi) | श्री ललन कुमार |
| (xxvii) | श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता | (xxviii) | श्री महा नंद सिंह |
| (xxix) | श्रीमती कविता देवी | (xxx) | श्री विद्या सागर केशरी |
| (xxxi) | श्री राजेश कुमार गुप्ता | (xxxii) | श्री मुरारी प्रसाद गौतम |
| (xxxiii) | श्री समीर कुमार महासेठ | (xxxiv) | श्री मोती लाल प्रसाद |
| (xxxv) | श्री अमरजीत कुशवाहा | (xxxvi) | श्री छोटे लाल राय |
| (xxxvii) | श्री कृष्णनन्दन पासवान | (xxxviii) | श्री राजवंशी महतो |
| (xxxix) | श्री राजेश कुमार सिंह | (xl) | श्री आलोक कुमार मेहता |
| (xli) | श्री कुमार शैलेन्द्र | (xlii) | श्री राम विशुन सिंह |
| (xliii) | श्री राम रतन सिंह | (xliv) | श्री सत्यदेव राम |
| (xlv) | श्री संजय सरावगी | (xlvi) | श्री वीरेन्द्र कुमार |
| (xlvii) | श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव | (xlviii) | श्री भूदेव चौधरी |
| (xlix) | श्रीमती रश्मि वर्मा | (l) | श्री मनोज मंजिल |
| (li) | श्री अजय कुमार सिंह | (lii) | श्री रणविजय साहू |
| (liii) | श्री अजीत कुमार सिंह | (liv) | श्री राहुल तिवारी |
| (lv) | श्री पवन कुमार यादव | (lvi) | श्री रामवृक्ष सदा |

[5] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य, श्री संजय सरावगी एवं अन्य सभासदों का राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित तथा दिनांक 07 एवं 14 मार्च, 2022 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्री राम सूरत कुमार द्वारा दिया गया। माननीय मंत्री, विधि विभाग, श्री प्रमोद कुमार द्वारा भी इस संबंध में स्थिति स्पष्ट की गयी।

आसन द्वारा कहा गया कि यह मामला निबंधन विभाग, योजना एवं विकास विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, गृह विभाग तथा विधि विभाग से संबंधित है, इसलिए सरकार इसपर गंभीरता से विचार करें। माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा माननीय मंत्री, विधि विभाग आपस में मिलकर इस मामले का निपटारा करें।

(ii) माननीय सदस्य, श्री सुधांशु शेखर एवं अन्य सभासदों का सूचना प्रावैधिकी विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री सुधांशु शेखर द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, सूचना प्रावैधिकी विभाग, श्री जिवेश कुमार द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

(iii) माननीय सदस्य, श्री कुमार शैलेन्द्र एवं अन्य सभासदों का जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री कुमार शैलेन्द्र द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, जल संसाधन विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा इसके उत्तर के लिए समय की मांग की गयी।

ध्यानाकर्षण सूचनाओं के दौरान आसन द्वारा माननीय मंत्रिगण से आग्रह किया गया कि सदन में वक्तव्य के लिए सूचीबद्ध ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर निर्धारित तिथि के 12:00 बजे मध्याह्न तक आसन को उपलब्ध करा दें, क्योंकि बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(6) के अनुसार वक्तव्य के स्पष्टीकरण के लिए अधिकतम पाँच मिनट का समय निर्धारित है। इसलिए मंत्रिगण कृपया उत्तर पहले उपलब्ध करा दें ताकि माननीय सदस्यों को अधिक से अधिक पूरक प्रश्न पूछने का अवसर मिल सके।

[6] **सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

(i) माननीय सभापति, सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति, श्री हरिनारायण सिंह द्वारा सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति का उद्योग विभाग से संबंधित 212वाँ प्रतिवेदन की एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

(ii) माननीय सभापति, राजकीय आश्वासन समिति, श्री दामोदर रावत द्वारा राजकीय आश्वासन समिति का आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित 305वाँ प्रतिवेदन, सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित 308वाँ प्रतिवेदन तथा उर्जा विभाग से संबंधित 310वाँ, 311वाँ एवं 312वाँ प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

तत्पश्चात सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

## भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 05.05 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[7] **वित्तीय कार्य :-**

**वित्तीय वर्ष 2022-2023 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-09 (स्वास्थ्य विभाग; समाज कल्याण विभाग; आपदा प्रबंधन तथा विधान मंडल विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान:-**

माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री मंगल पाण्डेय द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-2023 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया।

तदुपरान्त माननीय सदस्य, श्री ललित कुमार यादव द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया।

अनुदान की माँग एवं कटौती प्रस्ताव पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया:-

1. श्री कुमार सर्वजीत
2. श्री विनय कुमार चौधरी
3. श्रीमती अनिता देवी
4. श्रीमती गायत्री देवी
5. श्री इजहारूल हुसैन

(इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

6. श्री महा नंद सिंह
7. श्री देवेश कान्त सिंह
8. श्री मुकेश कुमार रौशन
9. श्री सुनील मणि तिवारी
10. श्रीमती शालिनी मिश्रा
11. श्री मनोज कुमार यादव
12. श्री अख्तरूल ईमान
13. श्री अनिल कुमार
14. श्री सतीश कुमार
15. श्री अजय कुमार

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

16. श्री सुर्यकान्त पासवान
17. श्री रणविजय साहू
18. श्री मुरारी प्रसाद गौतम

माननीय मंत्री, समाज कल्याण विभाग, श्री मदन सहनी द्वारा अपने विभाग से संबंधित कार्य योजनाओं से सदन को अवगत कराया गया।

तदुपरान्त माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री मंगल पाण्डेय द्वारा सरकार की ओर से उत्तर दिया गया।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये।

तत्पश्चात माननीय सदस्य, श्री ललित कुमार यादव का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

माननीय मंत्री, विधि विभाग, श्री प्रमोद कुमार द्वारा चम्पारण की ऐतिहासिक भूमि पर मेडिकल कॉलेज के स्थापना की घोषणा करने पर माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग को धन्यवाद दिया गया।

तदुपरान्त मुंगेर में भी मेडिकल कॉलेज की घोषणा के लिए आसन द्वारा सरकार को धन्यवाद दिया गया। साथ ही आसन द्वारा स्वास्थ्य विभाग की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा गया कि :-

**''काम करो ऐसा कि पहचान बन जाये,**
**हर कदम ऐसा चलो कि निशान बन जाये,**
**यह जिंदगी तो हर कोई काट लेता है,**
**जिंदगी जियो इस कदर कि मिशाल बन जाये''**

[8] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 37 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे।

तदुपरान्त सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक-25 मार्च, 2022 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक 24.03.2022

**शैलेन्द्र सिंह**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।